MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -3 अंक -48 मंदसौर, 20 मई 2026 बुधवार से 26 मई 2026 तक पृष्ठ -4 कीमत 2 रू.

# नर्सिंग छात्राओं के रू 8 लाख स्टाइपेंड में घोटाले की जांच-57 छात्राओं के खाते में आने थे, लोकायुक्त ने मंदसौर CMHO कार्यालय में खंगाले दस्तावेज

मंदसौर। शासकीय नर्सिंग कॉलेज की भोजनशाला में छात्राओं को मिलने वाली स्टाइपेंड राशि में बड़े वित्तीय घोटाले का मामला सामने आया है। आरोप है कि 57 छात्राओं को मिलने वाले चार माह के स्टाइपेंड की कुल 7 लाख 98 हजार रुपए की राशि सीधे भोजनशाला ठेकेदार के खाते में ट्रांसफर कर दी गई।

इतना ही नहीं, बाद में 57 छात्राओं से कुल 8060 रुपए की राशि भी वसूल ली गई। मामले की शिकायत के बाद मंगलवार को उज्जैन लोकायुक्त की टीम जांच के लिए मंदसौर पहुंची। जानकारी के अनुसार नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं को शासन की ओर से स्टाइपेंड राशि दी जाती है।

आरोप है कि कॉलेज प्रशासन ने यह राशि छात्राओं के खातों में डालने के बजाय सीधे भोजनशाला संचालित करने वाले ठेकेदार को भुगतान कर दी। जबकि नियमानुसार भोजनशाला ठेकेदार का तीन माह का बिल करीब 3 लाख 76 हजार रुपए ही बन रहा था। इसके बावजूद लगभग 8 लाख रुपए का भुगतान किए जाने से पूरे मामले पर सवाल खड़े हो गए हैं।

**छात्राओं से भी वसूली, सीएमएचओ ने जारी किए आदेश**

मामले में यह भी सामने आया है कि भुगतान के बाद छात्राओं से 8060 रुपए की राशि अलग से जमा करवाई गई। इस संबंध में सीएमएचओ कार्यालय द्वारा आदेश जारी किए जाने की भी जानकारी सामने आई है। छात्राओं के स्टाइपेंड और भोजन व्यवस्था से जुड़ी राशि में इस तरह की अनियमितता को लेकर अब विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

**सीएमएचओ कार्यालय पहुंची लोकायुक्त टीम**

शिकायत मिलने के बाद उज्जैन लोकायुक्त की टीम मंगलवार दोपहर मंदसौर स्थित सीएमएचओ कार्यालय पहुंची। यहां अधिकारियों ने सीएमएचओ सहित अकाउंटेंट से देर शाम तक पूछताछ करते हुए दस्तावेजों की जांच की।



सीएमएचओ डॉ. जी.एस. चौहान ने बताया कि नर्सिंग कॉलेज में स्टाइपेंड से जुड़ी शिकायत को लेकर लोकायुक्त टीम जांच करने आई है। विभागीय स्तर पर भी करीब एक माह पहले जांच के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया था, लेकिन जांच अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण प्रक्रिया में देरी हुई।

**डीएसपी बोले- शिकायत के आधार पर शुरू की जांच**

उज्जैन लोकायुक्त डीएसपी राजेश पाठक ने बताया कि नर्सिंग महाविद्यालय की भोजनशाला में भोजन व्यवस्था और भुगतान में गड़बड़ी की शिकायत प्राप्त हुई थी। इसी शिकायत के आधार पर जांच शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि मामले में दस्तावेजों की जांच की जा रही है और जल्द आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**रिटायर्ड नर्स की पेंशन रोकने की शिकायत भी जांच में**

लोकायुक्त टीम के सामने एक अन्य मामला भी आया है। डीएसपी राजेश पाठक ने बताया कि ÷बसन्ती मसीह÷ नामक एक नर्स, जो कुछ समय पहले सेवानिवृत्त हुई हैं, उन्होंने शिकायत दर्ज कराई है कि रिटायरमेंट के 9 से 10 माह बाद भी उनकी पेंशन शुरू नहीं हुई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जब उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर कार्यालय में शिकायत की, तो उनके खिलाफ रिकवरी निकाल दी गई। इस मामले में भी लोकायुक्त टीम जांच कर रही है। शिकायत में बाबू यशपाल सिंह राठौर का नाम सामने आया है। नर्सिंग कॉलेज में छात्राओं के स्टाइपेंड से जुड़ी इस अनियमितता के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। लोकायुक्त जांच के बाद अब पूरे मामले में जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

### दलौदा में व्यापारी से मारपीट के बाद तनाव

## नगर बंद कर व्यापारियों और हिंदू संगठनों का प्रदर्शन; 3 गिरफ्तार, 4 थानों का पुलिस बल तैनात

मंदसौर । जिले के दलौदा में मंगलवार को व्यापारी के साथ हुई मारपीट की घटना ने उग्र रूप ले लिया। घटना के विरोध में व्यापारियों और हिंदू संगठनों ने नगर बंद कर प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। दोपहर से देर शाम तक दलौदा में तनावपूर्ण माहौल बना रहा। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने चार थानों का पुलिस बल तैनात किया। जानकारी के अनुसार, दलौदा स्थित कृष्णा प्वाइंट के संचालक मुकेश लालवानी के साथ कुछ युवकों ने मारपीट की। बताया जा रहा है कि दो मोटरसाइकिलों की टक्कर के बाद युवकों के बीच विवाद और हाथापाई शुरू हो गई थी। इसी दौरान मुकेश लालवानी बीच-बचाव करने पहुंचे, लेकिन विवाद बढ़ने पर एक युवक ने उनके सिर पर हमला कर दिया। हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

**घटना के बाद थाने का घेराव**

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय व्यापारी और हिंदू संगठन बड़ी संख्या में दलौदा थाने पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों पर हत्या के प्रयास की धारा जोड़ने, आरोपियों का जुलूस निकालने और नगर में अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग



को लेकर प्रदर्शन किया। बाद में प्रदर्शनकारियों ने एसडीओपी कीर्ति बघेल और एसडीएम शुभम पाटीदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

**पुलिस ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार**

पुलिस ने मामले में दो नामजद और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी अल्लाहरखा पिता गफ्फार हुसैन, अजहर पिता गफ्फार हुसैन और गुलाम हुसैन पिता महबूब शाह को गिरफ्तार कर लिया गया। मेडिकल के बाद तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। आरोपियों के परिजनों का कहना है कि उनके बेटे रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को पानी पिलाने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में मोटरसाइकिल की टक्कर के बाद विवाद शुरू हुआ। उनका दावा है कि मारपीट में उनके बेटों को भी चोटें आई हैं। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

**सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ विवाद**

घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। फुटेज में एक मोटरसाइकिल दूसरी बाइक से टकराती दिखाई दे रही है। इसके बाद विवाद बढ़ता है और मौके पर भीड़ जमा होने के साथ मारपीट शुरू हो जाती है। पुलिस फुटेज के आधार पर भी जांच कर रही है।

**एसडीओपी ने कहा- दोषियों पर होगी कार्रवाई**

एसडीओपी कीर्ति बघेल ने बताया कि दो मोटरसाइकिलों की टक्कर के बाद मारपीट की घटना सामने आई है। पीड़ित मुकेश लालवानी की शिकायत पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि कुछ संगठनों द्वारा नगर बंद कर ज्ञापन सौंपा गया है। जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि विवाद की शुरुआत मोटरसाइकिल टकराने जैसी छोटी घटना से हुई थी, लेकिन बाद में मामला बढ़ गया। घटना के बाद दलौदा नगर में बंद का असर भी देखने को मिला। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### नीमच में पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला किया

## पति ने जंगल में फांसी लगाकर दी जान, तीन दिन पहले घर में झगड़ा हुआ था



नीमच। जिले के मनासा थाना क्षेत्र के बख्तूनी गांव में पति ने अपनी पत्नी पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया और उसके बाद खुद जंगल में जाकर फांसी लगा ली। यह पूरी वारदात बुधवार सुबह करीब 4 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, पति ने उस वक्त पत्नी पर कुल्हाड़ी से कई वार किए जब वह सो रही थी। हमले में पत्नी बुरी तरह घायल हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद पति तुरंत मौके से भाग निकला और पास के जंगल में एक पेड़ से लटककर अपनी जान दे दी। इस घटना के बाद दंपती के दो छोटे बच्चे अब बेसहारा हो गए हैं।

**खाने को लेकर हुआ था विवाद**

कंजार्डा चौकी प्रभारी श्याम कुमावत ने बताया कि पुलिस ने मृतक की बेटी और पड़ोसियों से पूछताछ की है। बेटी ने पुलिस को बताया कि तीन दिन पहले घर में खाना बनाने की बात को लेकर माता-पिता के बीच हल्की कहासुनी हुई थी। हालांकि, इतने बड़े कदम के पीछे की असली वजह अभी साफ नहीं हो पाई है।

**पुलिस कर रही है मामले की जांच**

मनासा थाना प्रभारी निलेश अवस्थी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हैरान करने वाली बात यह है कि इतनी बड़ी वारदात होने के 24 घंटे बाद तक इसकी खबर बाहर नहीं आ पाई थी।

# संपादकीय

## इटली-भारत के रिश्ते विशेष रणनीतिक इबारत

भारत और इटली के संबंध अब एक निर्णायक दौर में पहुंच चुके हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तेजी से विस्तार हुआ है। यह संबंध केवल सौहार्दपूर्ण मित्रता तक सीमित नहीं रहे, बल्कि अब स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों तथा भविष्य के साझा दृष्टिकोण पर आधारित एक विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं। ऐसे समय में जब पूरी दुनिया की व्यवस्था बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है, इटली और भारत की साझेदारी उच्च राजनीतिक और संस्थागत स्तर पर लगातार संवाद से आगे बढ़ रही है। यह संबंध अब एक नए और अधिक व्यापक स्तर पर पहुंच रहा है, जिसमें दोनों देशों की आर्थिक ताकत, सामाजिक रचनात्मकता और हजारों वर्षों पुरानी सभ्यतागत विरासत शामिल है। हमारा सहयोग इस साझा समझ को दर्शाता है कि 21वीं सदी में समृद्धि और सुरक्षा इस बात पर निर्भर करेगी कि देश कितनी क्षमता से नवाचार करें, ऊर्जा परिवर्तन का प्रबंधन करें और अपनी रणनीतिक आत्मनिर्भरता को मजबूत करें। इसी उद्देश्य से हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा तथा विविध बनाने का संकल्प लिया है, ताकि नए लक्ष्यों को हासिल किया जा सके और दोनों देशों की पूरक शक्तियों का बेहतर उपयोग हो सके। हम इटली की डिजाइन क्षमता, बेहतरीन विनिर्माण कौशल और विश्वस्तरीय सुपरकंप्यूटर तकनीक-जो उसे एक औद्योगिक महाशक्ति बनाती है को भारत की तेज़ आर्थिक वृद्धि, इंजीनियरिंग प्रतिभा, बड़े पैमाने की क्षमता, नवाचार और 100 से अधिक यूनिकॉर्न तथा 2 लाख स्टार्ट-अप वाले उद्यमी इकोसिस्टम के साथ जोड़कर एक शक्तिशाली तालमेल बनाना चाहते हैं। यह केवल दो व्यवस्थाओं का साधारण मेल नहीं है, बल्कि ऐसा साझा मूल्य निर्माण है जिसमें दोनों देशों की औद्योगिक ताकतें एक-दूसरे को और अधिक मजबूत बनाती हैं। यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों दिशाओं में व्यापार और निवेश बढ़ाने का रास्ता खोलता है। हमारा लक्ष्य 2029 तक भारत और इटली के बीच व्यापार को 20 अरब यूरो से आगे ले जाना है। इसमें रक्षा एवं एयरोस्पेस, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, मशीनरी, ऑटोमोबाइल पुर्जे, रसायन, दवाइयां, वस्त्र, कृषि-खाद्य क्षेत्र और पर्यटन समेत कई क्षेत्रों पर विशेष ध्यान रहेगा। 'मेड इन इटली' हमेशा से दुनियाभर में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है, और आज इसका स्वाभाविक तालमेल मेक इन इंडिया पहल के उच्च गुणवत्ता वाले लक्ष्यों के साथ दिखाई देता है। इसी संदर्भ में, भारत के लिए उत्पादन में इतालवी कंपनियों की बढ़ती रुचि और इटली में भारतीय उद्योगों की बढ़ती मौजूदगी (जो अब दोनों पक्षों से मिलाकर 1000 से अधिक हो चुकी है) एक सकारात्मक संकेत है। यह हमारी सप्लाई चेन के एकीकरण को और मजबूत करेगी। तकनीकी नवाचार हमारी साझेदारी का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। आने वाले दशकों में दुनिया एक बड़े तकनीकी बदलाव के दौर से गुजरेगी, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्वांटम कंप्यूटिंग, उन्नत विनिर्माण, महत्वपूर्ण खनिज और डिजिटल बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में तेज प्रगति होगी। भारत का तेज़ी से बढ़ता नवाचार तंत्र और कुशल पेशेवरों की बड़ी संख्या, तथा इटली की उन्नत औद्योगिक क्षमता -इन क्षेत्रों में दोनों देशों के सहयोग को स्वाभाविक और रणनीतिक बनाती है। दोनों देशों के विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के बीच बढ़ती साझेदारी भी इसे मजबूती देगी। भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) पहले से ही दुनिया के कई देशों, खासकर ग्लोबल साउथ के देशों, के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आज हमारे समाज और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डाल रही है।

## मंदसौर में जनगणना का 80 फीसदी काम पूरा

# स्व-गणना अभियान में प्रदेश में पहला स्थान; समीक्षा बैठक में बारिश की तैयारियों के निर्देश



मंदसौर। आयोजित साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने बताया कि जिले में जनगणना का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। वर्तमान में चार्ज अधिकारी लगातार कार्य में जुटे हुए हैं। ग्रामीण और नगरीय निकाय क्षेत्रों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनगणना से जुड़े सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए उन्हें जल्द पूरा कराया जाए।

बैठक में जानकारी दी गई कि स्व-गणना अभियान के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मंदसौर जिले ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**गर्मी और बारिश को लेकर प्रशासन अलर्ट**

अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि गर्मी और आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पहले से सुनिश्चित की जाएं। अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए फायर ब्रिगेड और अन्य संसाधनों को हमेशा अलर्ट मोड में रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में कहा गया कि जहां भी पेयजल की समस्या उत्पन्न हो, वहां तुरंत आवश्यक जल स्रोतों का अधिग्रहण किया जाए। साथ ही भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने और ई-केवाईसी का कार्य शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए।

**गेहूं उपार्जन केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश**

गेहूं उपार्जन की समीक्षा के दौरान अधिकारियों से कहा गया कि उपार्जन केंद्रों पर किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। बारदानों और गोदामों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने बताया कि 23 मई तक स्लॉट बुकिंग जारी रहेगी। गेहूं परिवहन कार्य सुचारु रूप से संचालित हो, इसके लिए भी अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

ट्रेवल्स अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन
मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा
दूध डेयरी का सामान
डेयरी संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।
साथ ही
आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु
CCTV कैमरे लगवाईये।
L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन
वारंटी व गारंटी के साथ
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं
मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर
प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले
शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड़, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485
हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268
अनूप जैन








प्रो-टीपू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851
राज लाइट डेकोरेशन
एण्ड डीजे साउंड
हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।
चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़




ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर
आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़
Mob.9752457614,9893826814
आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।
नैत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ.विक्रांत भावसार
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेगें
समय प्रातः 10 से 1 बजे तक



# ऑनलाइन सट्टा लगाते युवक गिरफ्तार

## मोबाइल में सट्टे की वेबसाइट खुली मिली, हर गेंद के हिसाब से लगाया जा रहा था दांव

मंदसौर। जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र की बूढ़ा चौकी पुलिस ने रविवार को आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से आईफोन और नगदी जब्त कर उसके खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।



### आरोपी मोबाइल से चला रहा था सट्टा

पुलिस को सूचना मिली थी कि नई आबादी स्थित पानी की टंकी के पास एक युवक मोबाइल के जरिए आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां बताए गए हुलिए का युवक मोबाइल चलाते हुए मिला। पुलिस को देखकर युवक घबरा गया।

पूछताछ में युवक ने अपना नाम मोईन मोहम्मद पिता बाबू खान, उम्र 20 वर्ष निवासी बूढ़ा बताया। पुलिस ने उसकी सहमति से मोबाइल की जांच की तो उसमें क्रिकेट सट्टे से जुड़ी वेबसाइट ÷सिल्वर भाई डॉट कॉम÷ खुली मिली।

### हर गेंद पर लगाया जा रहा था दांव

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी आईपीएल मैच में हर गेंद पर रन, विकेट, चौका, छक्का और हार-जीत पर ऑनलाइन दांव लगा रहा था। मोबाइल में मिली सट्टा आईडी में करीब 76 हजार रुपए का बैलेंस दिखाई दिया। वहीं 10 मई से 17 मई के बीच लगभग एक लाख रुपए की बेटिंग का रिकॉर्ड भी मिला।

### मोबाइल से मिले डेढ़ लाख के लेनदेन के सुराग

चौकी प्रभारी विकास गहलोत ने बताया कि आरोपी के मोबाइल से करीब डेढ़ लाख रुपए के लेनदेन और हिसाब-किताब से जुड़ी जानकारी मिली है, जिसकी जांच की जा रही है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 50 हजार रुपए कीमत का आईफोन-13 और 750 रुपए नगद जब्त किए हैं।

### अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाल रही पुलिस

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 4(क) जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी का कहना है कि आईपीएल सट्टे में शामिल अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है। ऑनलाइन सट्टेबाजी में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## गरोठ पुलिस ने 324 किलो डोडाचूरा जब्त किया

मंदसौर। पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गरोठ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक पिकअप वाहन से 324 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त किया है और एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सोमवार को उजागर की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरील और एसडीओपी विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में, गरोठ थाना प्रभारी बलवीर सिंह यादव के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की। जब्त किए गए डोडाचूरा की अनुमानित कीमत 6 लाख 49 हजार 500 रुपए बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, 17 मई को गरोठ पुलिस (सउनि. बालमुकुंद परमार) को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मेलखेड़ा की तरफ से एक सफेद पिकअप वाहन (क्रमांक RJ17G B2340) बर्डिया अमरा होते हुए 8-लेन की ओर जा रहा है, जिसमें अवैध मादक पदार्थ छुपाया गया है।

संदिग्ध पिकअप को रोककर तलाशी-सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने नारिया बुजुर्ग फंटा पर नाकाबंदी की। संदिग्ध पिकअप को रोककर तलाशी ली गई। गुप्त केबिन मिला, जिसमें काले रंग के 16 प्लास्टिक के कट्टे छुपाए गए थे। इन कट्टों से कुल 324 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ।


Cure With Care
सरदार पटेल
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
प्रत्येक शनिवार दोप. 11 से 3 बजे तक
डॉ. रघुवीरसिंह MBBS, M.S.
हड्डीएवं कमर रोग विशेषज्ञ
* हड्डियों से संबंधित सभी प्रकार की बिमारियों का ईलाज एवं आपरेशन।
* सभी प्रकार के कमर एवं जोड़ो से संबंधित ईलाज
* सभी प्रकार की नसों से संबंधित समस्या का ईलाज।
* सायटिक का ईलाज
* सभी प्रकार के फ्रेक्चर का सम्पूर्ण ईलाज।
* गठियावात, दर्द का सम्पूर्ण ईलाज।
* घुटनों एवं जोड़ों का दर्द का ईलाज।
* बच्चों की जन्मजात विकृतियों का ईलाज।
* लिगामेंट इंजरी का ईलाज।
प्रत्येक रविवार दोप. 11 से 3 बजे तक
डॉ. भारद्वाज MBBS, DCH
शिशु रोग विशेषज्ञ
* बच्चों का चिड़चिड़ापन
* लार टपकना
* बोल नहीं पाना, हकलाना
* झटके आना
* बार बार बुखार आना
* शारीरिक विकलांगता
* वजन/ लंबाई का ना बढना
* बच्चों में जन्म से पीलिया होना
* बार बार सर्दी खांसी होना
* बच्चों को भूख नहीं लगना
* बच्चों में खून की कमी
* बच्चों के छुटे हुए टिके
* बच्चों का वजन नहीं बढ़ना
* रोग प्रतिरोग क्षमता बढ़ाने हेतु समस्त प्रकार के वैक्सीन
सोनोग्राफी एवं स्त्री रोग संबंधित सभी ऑपरेशन अनुभवी
डॉ. दीपिका शर्मा MBBS DGO Obs & gynec
स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ
सरदार पटेल हॉस्पिटल में नियमित रूप से उपलब्ध
ए.सी. ऑपरेशन थिएटर
कम्प्यूटराईज्ड लेब
मेडिकल
एंबुलेंस
ICU
ECG
रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु सम्पर्क करें – 9630656214
पता – 10, गरोठ रोड़, सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शामगढ़, जिला–मंदसौर (म.प्र.) कोड नं. 458883



NOBLE Computer Academy
मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा
DCA
PGDCA
CPCT
BASIC
Tally Accounting Course only 45 Days
संचालक राजमल मांदलिया
9977105210
Punjabi Colony, Shamgarh



गोपाल पटेल 9826055169
अर्जुन पटेल 9981235380
गोपाल जी (मट्टा सेठ) 9893633622
खाती पटेल
लाईट डेकोरेशन, डी.जे साउण्ड
शादी पार्टी में लाइट डेकोरेशन जनरेटर डीजे के लिये सम्पर्क करे
पता - गायत्री शक्तिपीठ के पास सगोरिया रोड़ शामगढ़



शामगढ़ में अमूल दूध अब ओम दूध डेयरी पर
शुद्ध और पोष्टिक दुध, घर से घर तक
Amul DOODH
Now in SHAMGARH
6 लीटर और 1 लीटर उपलब्ध
उच्च क्वालिटी, पूर्ण मात्रा
शादी पार्टी में डिलेवरी हेतु सम्पर्क करे
9926839024
अधिकृत विक्रेता ओम दूध डेयरी
नगर परिषद काम्पलेक्स, शामगढ़

# चॉकलेट रैपर में छिपाकर कनाडा भेजी जा रही थी अफीम-मंदसौर में पार्सल से 455 ग्राम अफीम बरामद; पूछताछ करने पर घबराकर भागा युवक

मंदसौर । स्थित नई आबादी पोस्ट ऑफिस में सोमवार शाम सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स (CBN) की टीम ने एक संदिग्ध पार्सल से 455 ग्राम अवैध अफीम बरामद की है। एक युवक इस पार्सल को ओंटारियो (कनाडा) भेज रहा था, जिसमें अफीम को कैंडी और चॉकलेट के रैपर के भीतर छिपाया गया था।

पोस्टल कर्मचारियों द्वारा पार्सल की सामग्री के बारे में पूछताछ करने पर युवक घबराकर मौके से फरार हो गया। सीबीएन ने मौके पर पहुंचकर अफीम जब्त कर ली है और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोमवार शाम करीब 4 से 4:30 बजे के बीच एक युवक नई आबादी पोस्ट ऑफिस पहुंचा था। उसने कनाडा भेजने के लिए करीब 2 किलो वजन का इंटरनेशनल पार्सल बुक कराने की बात कही। पोस्टल असिस्टेंट ने जब युवक से पार्सल में रखी सामग्री के बारे में पूछा, तो उसने बताया कि इसमें चॉकलेट आइटम हैं।

**पूछताछ में घबराया, सामान छोड़कर भागा**

युवक की गतिविधियों को देखकर पोस्ट ऑफिस कर्मचारियों को संदेह हुआ। जब कर्मचारियों ने उससे पार्सल के बारे में अधिक जानकारी मांगी, तो वह बुरी तरह घबरा गया। कुछ ही देर में वह अपना पार्सल काउंटर पर ही छोड़कर मौके से भाग निकला। इसके बाद कर्मचारियों ने तत्काल सीबीएन को सूचना दी।

**दो घंटे की जांच, लव पैन कैंडी में मिली अफीम**

सूचना मिलने पर देर शाम सीबीएन मंदसौर सेल की टीम पोस्ट ऑफिस पहुंची और करीब दो घंटे तक जांच की। पार्सल खोलने पर उसमें लव पैन नाम की कैंडी के दो बॉक्स मिले। टीम ने जब कैंडी के रैपर खोले, तो उनके भीतर से 25 छोटे-छोटे पाउच बरामद हुए, जिनमें कुल 455 ग्राम अफीम भरी हुई थी। बाकी रैपरों में सामान्य कैंडी निकली, जिसके बाद टीम ने प्रतिबंधित सामग्री को जब्त कर लिया।




**तस्करी का नया तरीका, सीसीटीवी से तलाश**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थ पहुंचाने के लिए तस्करों ने जांच एजेंसियों को भ्रमित करने के लिए यह नया तरीका अपनाया है। सूत्रों के अनुसार, यह पार्सल नीमच से कनाडा भेजे जाने की जानकारी सामने आई है। पार्सल छोड़कर भागने वाले संदिग्ध युवक की तस्वीर पोस्ट ऑफिस परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। अब जांच एजेंसियां फुटेज के आधार पर युवक की तलाश कर रही हैं और इस अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का पता लगा रही हैं।

**नारकोटिक्स टीम को सूचना दी**

पोस्टल असिस्टेंट प्रदीप मेहरा ने बताया कि, एक व्यक्ति कनाडा के लिए इंटरनेशनल पार्सल बुक कराने आया था। उसने बताया कि पार्सल में चॉकलेट आइटम हैं, लेकिन उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगीं। पूछताछ करने पर वह घबरा गया और सामान छोड़कर चला गया। इसके बाद हमने नारकोटिक्स टीम को सूचना दी, जिन्होंने पार्सल से संदिग्ध पदार्थ बरामद किया है। सीबीएन का कहना है कि, एंटी ड्रग ऑपरेशन के तहत हमें विशेष सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति पोस्ट ऑफिस मंदसौर से कनाडा भेजे जाने वाले पार्सल में ड्रग्स छिपाकर बुकिंग कराने की कोशिश कर रहा है। सीबीएन मंदसौर सेल की टीम के पहुंचने से पहले ही संदिग्ध युवक भाग चुका था। तलाशी के दौरान पार्सल से अफीम बरामद हुई है, जिसे एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त कर आगे की जांच की जा रही है।

## नदी सफाई अभियान बना जनआंदोलन, 30वें दिन श्रमदान-अब तक 15 सामाजिक-धार्मिक संस्थाएं जुड़ीं; नगर अध्यक्ष और अधिकारी रहे मौजूद



गरोठ। अंजलि नदी को स्वच्छ और सुंदर बनाने का अभियान जन-आंदोलन का रूप ले रहा है। मंगलवार को अभियान के 30वें दिन मेघवाल समाज के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर श्रमदान किया। इस मुहिम में अब तक 15 सामाजिक और धार्मिक संस्थाएं जुड़ चुकी हैं। सुबह 7 बजे से 9 बजे तक दो घंटे चले इस श्रमदान के दौरान अंजलि नदी के घाटों की साफ-सफाई की गई और कचरा हटाया गया।

इस दौरान गरोठ नगर परिषद के अध्यक्ष राजेश सेठिया और उपाध्यक्ष महेश मालवीय स्वयं उपस्थित रहे। उनके साथ नगर परिषद का पूरा अमला, विभिन्न वार्डों के पार्षद, इंजीनियर राहुल गणक, आशीष दायमा, प्रकाश ग्वाला और रामपाल नरवाल सहित कई गणमान्य नागरिक और अधिकारी भी अभियान में शामिल हुए।

**आमजन से इस मुहिम को बनाए रखने की अपील**

अंजलि नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के संकल्प के साथ यह अभियान 16 अप्रैल को शुरू हुआ था और तब से लगातार जारी है। नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया के नेतृत्व में नदी के कायाकल्प के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों से प्रभावित होकर नगर की विभिन्न संस्थाएं भी आगे आकर श्रमदान कर रही हैं।

प्रशासन और जनसहयोग के कारण नदी के पुल के एक तरफ की सफाई का कार्य पूरी तरह संपन्न हो चुका है। अब अभियान के अगले चरण में नदी के दूसरी ओर के घाटों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए तेजी से श्रमदान किया जा रहा है। नगर परिषद ने आमजन से इस मुहिम को बनाए रखने की अपील की है।

## दो कारों की भिड़ंत में 8 लोग घायल-मंदसौर के ढाबला में फोरलेन पर हादसा, 3 इंदौर रेफर

मंदसौर । जिले के ढाबला (शामगढ़ पॉइंट) पर मंगलवार दोपहर दो कारों की भीषण भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दोनों वाहनों में सवार आठ लोग घायल हो गए, जिनमें से तीन को गंभीर हालत में इंदौर रेफर किया गया है। दुर्घटना का मुख्य कारण फोरलेन निर्माण कंपनी की लापरवाही को बताया जा रहा है, जिसने व्यस्त मोड़ पर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया। जानकारी के अनुसार, गरोठ की ओर से आ रही एक तूफान गाड़ी दाहिनी ओर चल रही थी। इसी दौरान पीछे से बाईं ओर से एक अर्टिगा कार आ रही थी। शामगढ़ पॉइंट के पास पहुंचते ही तूफान चालक ने शामगढ़ की ओर मुड़ने के लिए अचानक गाड़ी मोड़ दी। अर्टिगा चालक को संभलने का मौका नहीं मिला और उसकी कार तूफान गाड़ी से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों को काफी नुकसान हुआ। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों ने इस हादसे के लिए पूरी तरह से फोरलेन निर्माण कंपनी को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि शामगढ़ की कनेक्टिविटी होने के बावजूद इस व्यस्त मोड़ पर कोई दिशा-सूचक बोर्ड या टर्न एरो मार्क नहीं लगाया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तुरंत यहां बैरिकेड्स और संकेतक बोर्ड लगाने की मांग की है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही शामगढ़ पुलिस और एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुँची और बचाव कार्य शुरू किया। शामगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

SEBI Reg. 2100274304

17 वर्षो से आपकी सेवा में

THE MONEY MAKER

INVESTMENTS & SOLUTIONS SERVICES

NSE, BSE, MCX, NCDEX Authorized

हमारी सेवाएँ - डिमेट U A/C, IPO, MUTUAL FUND, SIP, TAX सेविंग स्कीम, हैल्थ इंश्यूरेंस, लाईफ इंश्यूरेंस, शेयर ट्रेडिंग, कमोडिटी ट्रेडिंग, करंसी ट्रेडिंग, ऑपशन ट्रेडिंग, गर्वमेंट बॉड, कॉरपोरेट एफडी एवं फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट और म्यूच्वल फंड केश करवाये जाते हैं ।

संपर्क करे-श्री मल्हार काम्पलेक्स

डिम्पल चौराहा, शामगढ़ प्रोप्रा. अमित हरदे

संपर्क करे-मो. 9826783941, 9424083941



समस्या अनेक समाधान एक

अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर

ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD

आपके लिए लाया है

GST,Income Ta& ,Loan & Subsidy Services,Trust & Society Registration ,Startup Consultancy,Company/LLP Incorporation

की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...

पाटिल कॉलोनी H.N 34/35 मंदसौर 458001

Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com

स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306